पाठ-7 स्वतंत्रता का महत्व

प्रस्तावना , आदर्श पठन

CLASS: V
SESSION NO : 1
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER:7
TOPIC: स्वतंत्रता का महत्व
SUB TOPIC: प्रस्तावना , आदर्श पठन

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

शिक्षण उद्देश्य

- छात्रों में मौखिक तथा लिखित अभिव्यक्तियों के ग्रहण करने की कुशलता का विकास करना ।
- छात्रों को शुद्धता, समुचित गति तथा सही अनुतान के साथ सस्वर वाचन करने का अभ्यास कराना।
- स्वतंत्रता और परतंत्रता के बीच का अंतर बताना। जीवदया तथा आजादी के प्रति आकर्षित करना ।

ODM PUBLIC SCHOOL

स्वतंत्रता का महत्व

ODM
PUBLIC SCHOOL

चिंतन-मनन

जीव-जंतु हमारी प्रकृति का एक विशेष हिस्सा हैं। ये बेजुबान प्राणी होकर भी हम पर उपकार करते हैं। हमें इन्हें बंदी नहीं बनाना चाहिए।

शहर में मेला लगा था। राधा नए और सुंदर कपड़े पहनकर अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में जा रही थी। आज उसे बड़ा अच्छा लग रहा था। तभी राधा की निगाह एक आदमी पर गई। उसने अपने हाथों में तीन-चार पिंजरे ले रखे थे। उनमें सुंदर-सुंदर, रंग-बिरंगी चिड़ियाँ बंद थीं। वह इन चिड़ियों को बेचने के लिए वहाँ खड़ा हुआ था। राधा को पक्षी वैसे भी बहुत अच्छे लगते थे और यह पिंजरों में बंद चिड़ियाँ तो थीं भी बहुत सुंदर।

राधा ने अपने पापा को रोका, “पापा, पापा! मुझे एक चिड़िया दिलवा दो। " पहले तो पापा ने उसे समझाया, “बेटे, चिड़िया का घर उसका खुला आकाश होता है। इस तरह से उसे पिंजरे में बंद करके रखना अच्छी बात नहीं है। "

ODM
PUBLIC SCHOOL

लेकिन राधा की ज़िद के सामने उसके पापा की एक न चली। हारकर उन्होंने एक पिंजरा, जिसमें बहुत सुंदर चिड़िया थी, राधा को दिलवा दिया। राधा खुश हो गई। उसके पैर खुशी के मारे ज़मीन पर नहीं पड़ रहे थे।

राधा ने घर आते ही चिड़िया के लिए एक छोटी कटोरी में पानी का प्रबंध किया। खाने के लिए गेहूँ और दाल के दाने भी रखे गए। अगले दिन मोहल्ले के बच्चों को पता चला तो वे सब उसके घर आए । चिड़िया ज़ोर-ज़ोर से चीं- चीं, चीं- चीं बोल रही थी।

दिन बीतते गए। राधा अपनी प्यारी सी चिड़िया को बहुत प्यार करती थी। वह उसका पूरा ध्यान रखती थी। उसको समय पर भोजन तथा समय पर पानी देती थी। उसे पिंजरे सहित कभी छत पर ले जाती, तो कभी आँगन में घुमाती थी।

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

राधा को देखते ही चिड़िया कभी अपनी पूँछ हिलाती, तो कभी अपनी गरदन घुमाती या कभी चीं-चीं करके अपनी खुशी प्रकट करती थी।

समय तेज़ी के साथ बीत रहा था। करीब-करीब छह माह यूँ ही हँसी-खुशी से बीत गए ।

एक दिन राधा बाहर से खेलकर आई, तो मम्मी ने राधा को आवाज़ लगाकर कहा- “राधा बेटा, मैं तुहारी प्रेमा आंटी के साथ एक ज़रूरी काम से बाज़ार तक जा रही हूँ। एक घंटे में वापस आऊँगी। तुम घर पर ही रहना। मैं बाहर से घर का दरवाजा लॉक करके जाऊँगी।” मम्मी जाने के लिए तैयार हो रही थीं, तभी राधा मुँह-हाथ धोने के लिए कमरे के साथ लगे बाथरूम में चली गई कि अभी तो मम्मी तैयार हो रही हैं।

राधा के बाथरूम में जाते ही प्रेमा आंटी आ गईं और उनके साथ जल्दी में राधा की मम्मी कमरे को लॉक करके बाज़ार चली गईं। राधा जब बाथरूम से बाहर आई, तो पाया कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है।

राधा ने दरवाज़े पर आवाज़ लगाई, "मम्मी मम्मी, दरवाजा खोलो।" पर वहाँ कोई होता, तब तो खोलता | राधा को कमरे में बहुत डर लग रहा था। जिस कमरे में रहते-रहते वह इतनी बड़ी हुई थी, वही कमरा बाहर से बंद होने पर उसे काट खाने को आ रहा था। राधा बहुत घबरा गई तथा ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी। रोते-रोते उसकी हिचकी बँध गई। वह सोच रही थी कि कब मम्मी आएँ और कब दरवाजा खुले! या काश! आज पापा ऑफ़िस से बीच में ही आ जाएँ, तो इस दमघोंटू कमरे से मेरी जान छूटे! राधा सचमुच बहुत घबरा गई थी। मम्मी प्रेमा आंटी के साथ बाज़ार से करीब सवा घंटे में लौटीं। उन्होंने आते ही आवाज़ लगाई, “राधा बेटे, तुम कहाँ हो ?" मम्मी की आवाज़ सुनते ही राधा ने ज़ोर-ज़ोर से रोना शुरू कर दिया।

ODM
PUBLIC SCHOOL

शाम को जब पापा आफ़िस से आए, तो यह सब पता चलने पर वे भी बहुत दुखी हुए। राधा का मन बहलाने के लिए वे उसे लेकर बाज़ार गए। उसकी पसंद की गुड़िया और फल दिलवाकर लाए। फिर वे दोनों छत पर आ गए। राधा अपने साथ चिड़िया का पिंजरा भी लेकर आई।

पापा बोले, "जब तुम्हें पता था कि मम्मी एक घंटे के लिए बाज़ार गई हैं और कमरा भी तुम्हारा अपना ही है, तो तुम्हें इतना घबराने और रोने की क्या ज़रूरत थी?"

पापा, यह तो ठीक था कि कमरा मेरा अपना था, लेकिन बाहर से बंद होने पर मुझे वह बिलकुल जेल की तरह लग रहा था। मैंने सोचा, पता नहीं अब कोई इसे खोलेगा भी या नहीं। मुझे उसमें बहुत डर लग रहा था । "

तभी राधा की नज़र अपनी चिड़िया के पिंजरे पर गई। राधा ने पिंजरा उठाया और उसकी खिड़की खोलकर बोली, “मेरी नन्ही दोस्त, सॉरी! मैंने तुम्हें इतने दिनों तक इस जेल में रखा है। जाओ, मैं तुम्हें आज़ाद करती हूँ । "

ODM
PUBLIC SCHOOL

गृहकार्य

क्रियाकलाप - पालतू जानवर तथा सड़कों पर घूमने वाले जानवरों के जीवन में क्या अंतर है ? तुलनात्मक अध्ययन करके कक्षा कार्य कॉपी में लिखिए तथा अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए आवश्यक चित्र लगाइए।

शिक्षण प्रतिफल

छात्रों में पठन अभ्यास विकसित होना तथा उच्चारण में शुद्धता आना एवं पाठ के मूल भाव के बारे में जानकारी प्राप्त होना।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM
PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE